हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

तिथि 06 जनवरी 2026 समय 18:10

- इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स का प्रयोग स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा के क्षेत्रों में व्यापक बदलाव के लिए किया जाएगा ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना का विकास इंजन बनेगा ।
- हरियाणा की सिंचाई व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा - मनरेगा की कमियों को दूर कर विकसित भारत जी राम जी योजना लाई गई ।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा - विकसित भारत जी राम जी योजना से हरियाणा के मजदूरों को आर्थिक तौर पर बड़ा लाभ होगा ।
- हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में कोहरे का प्रकोप जारी । कोहरे से रेल यात्रा प्रभावित हुई ।

*****************************************************************************

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी यांत्रिक मेधा से मानव जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। श्री प्रसाद आज जयपुर में क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट सम्मेलन 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मिशन स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा के क्षेत्रों में व्यापक बदलाव के लिए यांत्रिक मेधा के उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से कहा कि आज विजन दस्तावेज 2047 के 6 स्तंभों से संबंधित अलग-अलग विषयों पर प्रस्तुति दी गई। हरियाणा विजन दस्तावेज 2047, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 24 दिसंबर को पंचकूला में जारी किया था। मुख्यमंत्री ने कहा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर भी चर्चा हुई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देते हुए प्रदेश में तेज गति से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना और संकल्प का विकास इंजन होगा।

*****************************************************************************

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है।

प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों

का समाधान और जवाबदेही तय होने में मदद मिली है। यह केवल निगरानी नहीं बल्कि प्रशासनिक सुधारों का भी माध्यम साबित हुआ है।

*****************************************************************************

हरियाणा की सिंचाई और महिला एंव बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि समय की मांग को देखते हुए मनरेगा में सकारात्मक बदलाव किए गए हैं।

आज चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार का काम है कि योजना में कोई कमियाँ हैं तो उन कमियों को दूर कर उसमें सुधार करे ताकि उन लोगों को लाभ हो सके जिनके लिए योजना बनाई गई है।इसी लिए मानरेगा की जगह अब विकसित भारत –जी राम जी योजना लाई गई है।

*****************************************************************************

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना को मजदूरों के हक में है। कांग्रेस बेवजह इस पर राजनीति कर लोगों को गुमराह कर रही है। आज सोनीपत में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि नई योजना में सुधार से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

श्री बडौली ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने इस योजना में मजदूरी के दिन बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में न्यूनतम मजदूरी सबसे अधिक है। विकसित भारत – जी राम जी योजना में हरियाणा में मजदूरों को हर साल करीब 10 हजार का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से गांवों का विकास होगा।

*****************************************************************************

हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने आज सोनीपत बस अड्डे में सालासर धाम जाने वाली बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री बडौली ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। आज सोनीपत से सालासर के लिए बस सेवा शुरू कर दी गई है। इससे क्षेत्र के लोगों की लंबित मांग पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि इन बसों के चलने से सालासर और बालाजी जाने वाले श्रृद्धालुओं को राहत मिलेगी।

*****************************************************************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड - सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए नि:शुल्क परामर्श सेवा इस वर्ष पहली जून तक जारी रहेगी। सी बी एस ई की परीक्षाएं इस वर्ष 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं। विद्यार्थी टोल-फ्री नंबर 1800118004 पर हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा के अंतर्गत विद्यार्थियों और अभिभावकों को सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, परामर्शदाताओं, विशेष शिक्षकों और योग्य मनोवैज्ञानिकों सहित 73 प्रशिक्षित पेशेवर सहायता प्रदान करेंगे। यह सेवा तनावमुक्त तैयारी, प्रभावी समय और तनाव प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर और सीबीएसई से संबंधित महत्वपूर्ण संपर्क के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती है।

*****************************************************************************

हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में आज भी कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर का प्रकोप भी जारी रहा। जिससे रेल और सड़क आवाजाही प्रभावित हुई।

मौसम विभाग ने कहा है कि आज रात कल और परसों अम्बाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल,सोनीपत,पानीपत में घने से घना कोहरा पड़ने की संभावना है जबकि चंडीगढ़, पंचकुला, यमुनानगर, महेंद्रगढ़,रेवाड़ी, झज्जर, गुरूग्राम, मेवात, पलवल, फ़रीदाबाद, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार में घना कोहरा रहेगा। मौसम विभाग द्वारा 8 जनवरी की रात और 9 जनवरी को चंडीगढ़, पंचकुला, यमुनानगर सहित अधिकतर जिलो में घना कोहरा छाने और अम्बाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल व जींद में अत्यंत घना कोहरा पड़ने का अनुमान लगाया गया है।

****************************************************************************

आज कोहरे के चलते रेल गाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं। कोहरे के चलते रेलवे ने कई गाड़ियों को रद्द भी किया गया है। जींद में रेलवे के लोको पायलट अमरेंद्र सिंह ने बताया कि कोहरे में गाड़ियों की काम गति से चलाया जाता है जिस कारण यह देरी होती है।

****************************************************************************